an>

Title: Need to undertake four-laning of National Highway from Kannauj to Sitapur in Uttar Pradesh.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर कन्नौज से व्यापारिक नगर सीतापुर तक फोर लेन मार्ग के निर्माण की आवश्यकता है। कन्नौज से सीतापुर मार्ग प्राचीन ऐतिहासिक घटनाओं एवं व्यापारिक कार्यों के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 91 नई दिल्ली-कानपुर वाया कन्नौज के किलोमीटर 350 से शुरू होकर पवित्र माँ गंगा को पार करता हुआ मल्लावाँ नगर सण्डीला नगर वाया कोथाँवा एवं रामगढ़ चीनी मिल के समीप से नैमिषारण्य पवित्र तीर्थ होकर सीतापुर नगर तक जाता है। इसके निर्माण से दिल्ली-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग का आपस में जुड़ना संभव हो जायेगा। इसके बन जाने से मेरे लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख तथा मध्य एवं पूर्वी उ0प्र0 के व्यापारिक कार्यों में गति आ जायेगी। जिससे क्षेत्र की जनता का सर्वांगीण विकास संभव हो जायेगा। कन्नौज एक ऐतिहासिक नगर है। इतिहास में इसका वर्णन आज भी मौजूद है। पवित्र नैमिषारण्य तीर्थ जिसका वर्णन हमारे शास्त्रों में वर्णित है। पवित्र मिश्रिख तीर्थ जो महर्षि दधिची के त्याग के इतिहास को अपने आप में संजोये हुए है। इन दोनों पवित्र तीर्थ स्थलों पर करोड़ों देशवासियों को अगाध श्रद्धा एवं विश्वास है इन पौराणिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए फोर लेन मार्ग का बनना अतिआवश्यक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से विनम्र अनुरोध है कि कन्नौज से सीतापुर तक फोर लेन मार्ग का निर्माण यथाशीघ्र कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।